# जिलाधिकारी, अयोध्या द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत 'हर घर जल' के सम्बन्ध में आहूत की गई समीक्षा बैठक दिनांक 29.07.2025 का कार्यवृत्त/दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश बिन्दु।

दिनांक 29.07.2025 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 'हर घर जल' के सम्बन्ध में प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), सहायक अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, टीम लीडर, टी0पी0आई0 तथा चयनित एजेंसी मेसर्स गायत्री प्रोजेक्ट लि0 एवं रैमकी (जे0वी0), हैदराबाद, मेसर्स वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद, मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट एण्ड इंजीनियरिंग सर्विसेज लि0, मुम्बई, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक लि0,–गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 (जे.वी.), नोएडा–201301 (उ0प्र0) के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में की गई चर्चा एवं दिए गए निर्देशानुसार सभी सम्बन्धित अधिकारी को निम्न बिन्दुओं पर तत्काल अपेक्षित कार्यवाही करते हुए अनुपालन आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि विकासखण्ड–मया बाजार में शेरवाघाट पेयजल योजना में पानी टंकी बनाने हेतु जो भूमि उपलब्ध करायी गई थी वह भूमि जनपद–बस्ती एवं अयोध्या मध्य बटवारे के विवाद के कारण पेयजल योजना का कार्य कराया जाना सम्भव नहीं पा रहा है, बनगावां पेयजल योजना हेतु उपलब्ध करायी गई भूमि पर ग्रामवासियों द्वारा विवाद उत्पन्न किया जा रहा है, जिससे योजना का कार्य कराया जाना सम्भव नही हो पा रहा है। विकासखण्ड–मसोधा में अरूवावां पेयजल योजना के निर्माण में ग्रामवासियों द्वारा विवाद उत्पन्न किया जा रहा है, जिससे योजना के कार्य हेतु पुलिस बल की आवश्यकता है। विकासखण्ड मिल्कीपुर में परसावां पेयजल योजना का कार्य भूमि विवाद के कारण कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है। विकासखण्ड सोहावल में पिरखौली एवं विकासखण्ड पूरा बाजार में मित्रसेनपुर पेयजल योजना पर द्वितीय नलकूप हेतु उपलब्ध नही है, द्वितीय नलकूप को डिस्कोप करने की योजना पर विचार किया जा रहा है। विकासखण्ड–सोहावल में मुस्तफाबाद में जलकल परिसर में फलदार वृक्ष अधिष्ठापित होने के कारण शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रारम्भ नहीं किया जा सका है, जिसके निस्तारण हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि वन विभाग से सम्पर्क स्थापित कर वृक्षों के पातन के सम्बन्ध में कार्यवाही कराकर एक सप्ताह में कार्य प्रारम्भ करायें।
- प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद द्वारा अवगत कराया गया कि 13 नग पेयजल योजनाओं पर द्वितीय नलकूप हेतु भूमि उपलब्ध नही है।

**एजेंसीवार प्रगति की समीक्षा की गई जिसका विवरण निम्न है –**

**1. मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट एण्ड इंजीनियरिंग सर्विसेज लि0, मुम्बई की योजनावार समीक्षा बैठक में पाया गया कि –**

* ट्यूबवेल बोरिंग 164 नग के सापेक्ष 164 नग पूर्ण है।
* शिरोपरि जलाशय के लक्ष्य 159 नग के सापेक्ष 159 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रारम्भ, 125 नग का कार्य पूर्ण, 150 नग का कार्य स्टेजिंग तक एवं 157 नग का राफ्ट तक का कार्य कराया गया है।

* पम्पहाउस के लक्ष्य 164 नग के सापेक्ष 162 नग पर कार्य प्रारम्भ, 155 नग का कार्य पूर्ण है, शेष 02 नग में से 01 नग पर वृक्ष स्थापित होने के कारण, दूसरे पर भूमि उपलब्ध हो गई है, शीघ्र कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा।
* बाउण्ड्रीवाल के लक्ष्य 164 नग के सापेक्ष 161 नग पर कार्य प्रारम्भ, 157 नग का कार्य पूर्ण है, शेष 07 नग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।
* पाइप लाइन के लक्ष्य 2310.00 किमी0 के सापेक्ष 2293.00 किमी0 का कार्य पूर्ण है। शेष 17.00 किमी0 का कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।
* फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 283 नग राजस्व ग्राम हेतु 132 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 233 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। शेष 50 नग राजस्व ग्रामों में शीघ्र नियमित जलापूर्ति किये जाने के निर्देश दिए गए।
* सड़क/मार्गों के पुनर्स्थापना के सम्बन्ध में फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकतम सड़क पुनर्स्थापना का कार्य करा लिया गया है।
* सड़क/मार्गों के पुनर्स्थापना के सम्बन्ध में फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकतम सड़क पुनर्स्थापना का कार्य करा लिया गया है।
* कैम्पस डेवलपमेंट के लक्ष्य 164 नग के सापेक्ष 107 नग का कार्य पूर्ण।
* सोलर सिस्टम के लक्ष्य 164 नग के सापेक्ष 140 नग का कार्य पूर्ण।
* क्लोरीनेशन के लक्ष्य 164 नग के सापेक्ष 128 नग का कार्य पूर्ण।

**2. मेसर्स वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद की योजनावार समीक्षा बैठक में पाया गया कि –**

* फर्म की प्रगति सन्तोषजनक न होने के कारण मुख्य विकास अधिकारी द्वारा काफी रोष व्यक्त किया गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि आगामी समीक्षा बैठक तक संतोषजनक प्रगति सुनिश्चित करें।
* ट्यूबवेल बोरिंग 328 नग के सापेक्ष 309 नग पूर्ण है। शेष 19 नग ट्यूबवेल में से 13 नग द्वितीय ट्यूबवेल हेतु भूमि विवाद के कारण, 01 नग ट्यूबवेल हेतु भूमि उपलब्ध न होने के कारण कार्य प्रारम्भ नही हुआ है, 04 नग स्थलों पर बोरिंग फेल हो गई जिसे पुनः कराया जा रहा है एवं अन्य 01 नग स्थलों पर ट्यूबेवल का कार्य प्रारम्भ है।।
* शिरोपरि जलाशय के लक्ष्य 296 नग के सापेक्ष 291 नग स्थलों पर शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रारम्भ, जिसमें से 286 नग स्थलों पर स्टेजिंग का कार्य एवं 226 नग स्थलों पर स्लैब का कार्य पूर्ण है, 156 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण है। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा आश्वासन दिया गया कि प्रत्येक माह 15 नग टंकियो का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि आमागी 03 माह में समस्त 296 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
* पम्पहाउस के लक्ष्य 328 नग के सापेक्ष 293 नग पर कार्य प्रारम्भ, 237 नग का कार्य पूर्ण है। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा आश्वासन दिया गया कि आगामी माह 20–25 पम्पहाउस का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।
* बाउण्ड्रीवाल के लक्ष्य 328 नग के सापेक्ष 307 नग का कार्य प्रारम्भ, 265 नग का कार्य पूर्ण है। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा आश्वासन दिया गया कि आगामी माह 20–25

बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अगले माह तक समस्त बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

* पाइप लाइन के लक्ष्य 7077.20 किमी0 के सापेक्ष 6357.40 किमी0 का कार्य पूर्ण है। शेष 719.80 किमी0 कार्य न पूर्ण होने का कारण राष्ट्रीय राजमार्ग के समानान्तर पाइप लाइन बिछायी जानी है एवं कुछ स्थानों पर भूमि विवाद के कारण पाइप बिछाये जाने का कार्य नही हो पा रहा है।
* फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि कि 721 नग राजस्व ग्रामों हेतु 297 पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 85 पेयजल योजनाओं 196 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। शेष 525 नग राजस्व ग्रामों में अतिशीघ्र नियमित जलापूर्ति किये जाने के निर्देश दिए गए।
* सड़क/मार्गों के पुनर्स्थापना के सम्बन्ध में फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकतम सड़क पुनर्स्थापना का कार्य करा लिया गया है।
* कैम्पस डेवलपमेंट के लक्ष्य 328 नग के सापेक्ष 42 नग का कार्य पूर्ण।
* सोलर सिस्टम के लक्ष्य 328 नग के सापेक्ष 140 नग का कार्य पूर्ण।
* क्लोरीनेशन के लक्ष्य 328 नग के सापेक्ष 72 नग का कार्य पूर्ण।

**3. मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक लि0,–गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 (जे.वी.), नोएडा की योजनावार समीक्षा बैठक में पाया गया कि –**

* ट्यूबवेल बोरिंग 54 नग के सापेक्ष 54 नग का कार्य पूर्ण पाया गया।
* शिरोपरि जलाशय के लक्ष्य 49 नग के सापेक्ष 49 नग पर कार्य प्रारम्भ, 40 नग का कार्य पूर्ण, 49 नग का कार्य स्टेजिंग तक एवं 49 नग का राफ्ट तक का कार्य कराया गया है।
* पम्पहाउस के लक्ष्य 54 नग के सापेक्ष 52 नग का कार्य प्रारम्भ, 51 नग का कार्य पूर्ण एवं 01 नग का कार्य प्रगति पर है शेष 02 नग लो–लैण्ड के कारण कार्य प्रारम्भ नही है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सम्बन्धित ग्रामसभा में तालाब की खुदाई कराकर कैम्पस में मिट्टी भराई का कार्य करायें।
* बाउण्ड्रीवाल के लक्ष्य 54 नग के सापेक्ष 52 नग पर कार्य प्रारम्भ, 51 नग का कार्य पूर्ण है, 01 नग का कार्य प्रगति पर है। सभी शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।
* पाइप लाइन के लक्ष्य 854.00 किमी0 के सापेक्ष 817.00 किमी0 का कार्य पूर्ण है। शेष 27.00 किमी0 का कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।
* फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि कि 94 नग राजस्व ग्रामों के हेतु 48 पेयजल योजनाओं में 28 योजनाओं से 50 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। शेष 44 नग राजस्व ग्रामों में शीघ्र नियमित जलापूर्ति किये जाने के निर्देश दिए गए।
* सड़क/मार्गों के पुनर्स्थापना के सम्बन्ध में फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकतम सड़क पुनर्स्थापना का कार्य करा लिया गया है।
* कैम्पस डेवलपमेंट के लक्ष्य 54 नग के सापेक्ष 14 नग का कार्य पूर्ण।
* सोलर सिस्टम के लक्ष्य 54 नग के सापेक्ष 38 नग का कार्य पूर्ण।
* क्लोरीनेशन के लक्ष्य 54 नग के सापेक्ष 33 नग का कार्य पूर्ण।

**4. मेसर्स गायत्री प्रोजेक्ट लि0 एवं रैमकी (जे0वी0), हैदराबाद की योजनावार समीक्षा बैठक में पाया गया कि –**

* फर्म की प्रगति सन्तोषजनक न होने के कारण मुख्य विकास अधिकारी द्वारा काफी रोष व्यक्त किया गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि आगामी समीक्षा बैठक तक संतोषजनक प्रगति सुनिश्चित करें।
* ट्यूबवेल बोरिंग 46 नग के सापेक्ष 45 नग पूर्ण है। फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि मित्रसेनपुर पेयजल योजना विकासखण्ड– पूरा बाजार में द्वितीय ट्यूबवेल हेतु भूमि विवाद होने के कारण कार्य प्रारम्भ नही हो सका है।
* शिरोपरि जलाशय के लक्ष्य 36 नग के सापेक्ष 36 नग पर कार्य प्रारम्भ, 28 नग का कार्य पूर्ण, 35 नग का कार्य स्टेजिंग तक एवं 36 नग का राफ्ट तक का कार्य कराया गया है।
* पम्पहाउस के लक्ष्य 46 नग के सापेक्ष 45 नग पर कार्य प्रारम्भ, 44 नग का कार्य पूर्ण है।
* बाउण्ड्रीवाल के लक्ष्य 46 नग के सापेक्ष 45 नग का कार्य प्रारम्भ, 44 नग का कार्य पूर्ण है।
* पाइप लाइन के लक्ष्य 416.74 किमी0 के सापेक्ष 424.06 किमी0 का कार्य पूर्ण किया गया है।
* फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि कि 46 नग राजस्व ग्रामों हेतु 36 पेयजल योजनाओं में से 32 योजनाओं से 40 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।
* सड़क/मार्गों के पुनर्स्थापना के सम्बन्ध में फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकतम सड़क पुनर्स्थापना का कार्य करा लिया गया है।
* कैम्पस डेवलपमेंट के लक्ष्य 46 नग के सापेक्ष 28 नग का कार्य पूर्ण।
* सोलर सिस्टम के लक्ष्य 46 नग के सापेक्ष 43 नग का कार्य पूर्ण।
* क्लोरीनेशन के लक्ष्य 46 नग के सापेक्ष 24 नग का कार्य पूर्ण।

  फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि 05 नग पेयजल योजना की लो–लैण्ड होने के कारण मिट्टी भराये जाने की आवश्यकता है, जिस मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि उपजिलाधिकारी से वार्ता करके मिट्टी भराये जाने की कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

**5. आई0ई0सी0 –**

श्री अनुराग वर्मा, सी0वी0 एण्ड टी0, डी0पी0एम0यू0 द्वारा अवगत कराया गया कि 593 पम्पहाउस के सापेक्ष 372 पम्पहाउस पर आई0ई0सी0 संस्था मे0 संज्ञान के द्वारा पम्पहाउस पर एवं जनपद अयोध्या के सभी पंचायत घरों व प्राथमिक विद्यालयों पेन्टिग का कार्य कराया जा चुका है।

**6. आई0एस0ए0 –**

श्री इन्द्रभूषण वर्मा, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 द्वारा अवगत कराया गया कि प्लानिंग एवं मोबलाईजेशन फेज एवं इम्प्लीमेन्टेशन फेज का कार्य कराया जा चुका है। वर्तमान में आई0एस0ए0 संस्थाओं द्वारा पोस्ट इम्प्लीमेन्टेशन फेज का कार्य कराया जा रहा है। डी0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि 11 नग पेयजल योजनाओं पर रू0 1.24 लाख की जल शुल्क वसूली की गई। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया समस्त पंचायत

भवन पर क्यू.आर. कोड उपलब्ध करायें। साथ ग्राम प्रधान के सहयोग से जल शुल्क की वसूली सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि गत वर्ष 7800 वृक्षारोपण के सापेक्ष 7800 वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा एस0डी0ओ0, वन विभाग को वृक्षारोपण के सत्यापन हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि सार्वजनिक शौचालय, प्राथमिक विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों के टंकी में सीधे कनेक्शन करायें एवं जनपद के समस्त 88 गौशालाओं में स्टैण्डपोस्ट लगाते हुए जलापूर्ति उपलब्ध करायें।

# कार्यालय– जिलाधिकारी, अयोध्या

पत्रांक / / दिनांक :

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या।
2. अधीक्षण अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
3. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
4. समस्त उपजिलाधिकारी, अयोध्या को इस आशय से प्रेषित कि अपने से सम्बन्धित क्षेत्र की योजनाओं में भूमि उपलब्ध नहीं है अथवा भूमि विवादित है, का निस्तारण कराने का कष्ट करें।
5. समस्त खण्ड विकास अधिकारी को इस निर्देश के साथ कि पूर्ण योजनाओं के हर घर जल प्रमाणीकरण हेतु ग्राम पंचायत सचिव से सत्यापन कराकर प्रमाणीकरण का कार्य कराएं।
6. डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0, अयोध्या।
7. टीम लीडर, टी0पी0आई0, अयोध्या यूनिट।
8. मेसर्स गायत्री प्रोजेक्ट लि0 एवं रैमकी (जे0वी0), हैदराबाद, मेसर्स वी0एस0ए0– एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद, मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट एण्ड इंजीनियरिंग सर्विसेज लि0, मुम्बई, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक लि0,–गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 (जे.वी.), नोएडा–201301 (उ0प्र0)।

Digitally signed by
NIKHIL TIKARAM FUNDE
Date: 07-08-2025
19:08:38

(निखिल टी0 फुंडे)
जिलाधिकारी
अयोध्या।